**दिनांक: 27 अक्टूबर 2026**

## प्रेस विज्ञप्ति

## एमएसएमई एवं निर्यात संवर्धन में ट्रेड फाइनेंस की अहम भूमिका पर जागरूकता सत्र आयोजित

मर्चेंट्स चैंबर ऑफ उत्तर प्रदेश, फेडरेशन ऑफ़ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाईजेशन, एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र (BoM) के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 27 अक्टूबर 2026 को Outreach Session on MSME & Export Promotion – Trade Finance विषय पर एक जागरूकता एवं संवाद सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSMEs) को बैंकिंग सुविधाओं, सरकारी योजनाओं, विदेशी मुद्रा (Forex), व्यापार वित्त तथा निर्यात संवर्धन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ उपलब्ध कराना और उद्योग एवं बैंकिंग क्षेत्र के बीच समन्वय को सुदृढ़ करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ बैंक ऑफ महाराष्ट्र की प्रबंधक सुश्री नेहा जैन एवं सुश्री प्रियंका पॉल द्वारा सत्र की विषयवस्तु के परिचय के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया तथा दीप प्रज्वलन के माध्यम से कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ हुआ।

मर्चेंट्स चैंबर ऑफ उत्तर प्रदेश की इंडस्ट्री कमेटी के चेयरमैन श्री सुशील शर्मा ने अपने संबोधन में उद्योग एवं व्यापार जगत के विकास में एमएसएमई क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने उद्यमियों के लिए वित्तीय सुविधाओं एवं संस्थागत सहयोग की उपयोगिता को रेखांकित किया।

उत्तर प्रदेश सरकार के उद्योग विभाग के उपायुक्त श्री अंजनीश प्रताप सिंह ने एमएसएमई क्षेत्र के विकास, सरकारी औद्योगिक योजनाओं तथा उद्यमियों को उपलब्ध सहायता के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप वित्तीय एवं संस्थागत सुविधाओं की जानकारी के महत्व को भी रेखांकित किया।

मर्चेंट्स चैंबर ऑफ उत्तर प्रदेश के मुख्य परिचालन अधिकारी श्री प्रभात मिश्रा ने अपने संबोधन में उद्योग एवं व्यापार जगत के हित में इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र की डीजीएम (DZM) सुश्री संजू कुमारी ने रिटेल ट्रेड, विदेशी मुद्रा (Forex) एवं ट्रेड फाइनेंस से संबंधित विषयों पर प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने व्यापारिक गतिविधियों में बैंकिंग सुविधाओं तथा वित्तीय समाधानों की भूमिका पर जानकारी साझा की |

फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन्स (FIEO), उत्तर प्रदेश के रीजनल हेड श्री आलोक श्रीवास्तव ने निर्यात संवर्धन एवं निर्यातकों के लिए उपलब्ध अवसरों के संदर्भ में अपने विचार प्रस्तुत किए।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र के चीफ मैनेजर एवं CPC कमर्शियल हेड श्री रोहित कुमार ने एमएसएमई योजनाओं तथा विदेशी मुद्रा से संबंधित विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने उद्यमों की वित्तीय आवश्यकताओं के अनुरूप बैंकिंग सुविधाओं एवं योजनाओं की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

इसके अतिरिक्त, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, मुंबई के IBD विभाग के चीफ मैनेजर श्री सौरव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सत्र को संबोधित किया तथा ट्रेड फाइनेंस से संबंधित विषयों पर अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम के दौरान पैनल में उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों के बीच एक संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया। इसमें एमएसएमई योजनाओं, ट्रेड फाइनेंस, विदेशी मुद्रा तथा निर्यात से संबंधित विषयों पर चर्चा हुई। इस सत्र ने प्रतिभागियों को अपने प्रश्न रखने तथा संबंधित विषयों पर विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र के चीफ मैनेजर श्री राहुल सचान ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों के बीच नेटवर्किंग एवं हाई-टी का आयोजन किया गया, जिससे उद्योग एवं बैंकिंग क्षेत्र के प्रतिनिधियों को आपसी संवाद और संपर्क स्थापित करने का अवसर मिला।

कायर्क्रम में प्रमुख रूप से चैंबर के सदस्य श्री उमेश पांडेय, श्री ईश्वर सिंह वर्मा, आदि उपस्थित थे, साथ ही बैंक ऑफ महाराष्ट्र, FIEO, तथा उद्योग एवं व्यापार जगत से जुड़े प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।।

आपसे अनुरोध है कि उक्त प्रेस विज्ञप्ति को अपने समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित  करें।

सधन्यवाद।
प्रभात मिश्रा
मुख्य परिचालन अधिकारी
8395890800
मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश